# धारदार हथियार से वार कर वृद्ध की हत्या

## खेत में मिला खून से लथपथ शव, परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** शौच के लिए गए वृद्ध की सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने मौके का मुआयना किया और अधीनस्थों को वारदात के जल्द खुलासे के निर्देश दिए।

बहिलपुरवा थानांतर्गत शीतलपुर तरौंहा गांव निवासी लालजी (62) रोजाना की तरह लोटा और टार्च लेकर मंगलवार सुबह पांच बजे के आसपास शौच के लिए खेतों की ओर गए थे। देर तक नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू हुई। ग्रामीण के चचेरे भाई गिरधारी लाल ने सबसे पहले उनका रक्तरंजित शव खेत के पास पड़ा देखा। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि ग्रामीण पर पीछे से किसी धारदार हथियार से वार किया गया है, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर सीओ सिटी हर्ष पांडेय और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया और अधीनस्थों को जल्द खुलासे के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि परिजनों से पूछतांछ के बाद पता चला है कि लालजी की किसी से रंजिश या लड़ाई-झगड़ा नहीं था। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बताया कि पुलिस जल्द ही अपराधियों को पकड़कर जेल भेजेगी।


घटनास्थल पर छानबीन करते पुलिसकर्मी व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### नेताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती और समाजवादी पार्टी की बाबासाहेब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने इस हत्याकांड पर नाराजगी जताई है और पुलिस-प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। हत्याकांड के बाद परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचीं मीरा ने कहा कि यह दुखद है कि जिले में खास तौर पर अनुसूचित जाति के लोगों के साथ वारदातें हो रही हैं। प्रशासन को इसका संज्ञान लेना होगा। कहा कि अगर वारदातें नहीं रुकीं और इनका खुलासा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। उधर, मान सिंह ने मृतक के परिवार से मिलकर शोक संवेदना जताई। मांग की कि जल्द से जल्द अपराधी को पकड़ा जाए।

# गुमशुदा किसान का जंगल में मिला शव

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** कई दिन से लापता अनुसूचित जाति के युवा किसान का शव पतेरिया के जंगल में मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।


फाइल फोटो।

मानिकपुर थानांतर्गत गढ़चपा गांव के मजरे भौठीपुरवा निवासी बच्चा लाल (33) भइयालाल बड़ाहार में डेरा बनाए था। पूर्व प्रधान रामेंद्र पांडेय ने बताया कि बच्चा तीन दिन पहले लापता हो गया था। उसके परिजनों ने सरैंया चौकी में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। परिजनों ने युवक का पता न चलने पर जाम भी लगाया था। मंगलवार की सुबह उसका शव पतेरिया के जंगल में मिला। शव झुलसा हुआ था, जिससे ऐसा लग रहा था कि करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। आशंका जताई जा रही है कि खेतों में जानवरों को आने से रोकने के लिए लगाए गए हाईटेंशन की तार की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत हो गई होगी और पकड़े जाने के भय से लोग शव जंगल में फेंक आए होंगे। शव को जंगल में गाड़ने की भी कोशिश की गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


जंगल में मायूस बैठे किसान के परिजन। अमृत विचार

## एक नजर

### बापू को दी श्रद्धांजलि

**चित्रकूट, अमृत विचार :** कांग्रेस की जिला कमेटी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ नेता रंजना बराती लाल पांडेय के द्वारिकापुरी स्थित आवास में संवाद कार्यक्रम किया। कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सेवादल अध्यक्ष चुनबाद प्रसाद ने कहा कि आज देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। हम सभी कांग्रेसजनों को एकजुट होकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है। जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया ने कहा कि वर्तमान सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, तीरथ सिंह, कालीचरण राजपूत, राजनारायण निषाद, यमुना शुक्ला, विजयमणि त्रिपाठी, महेंद्र निषाद, सविता पाल आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विवि में मनी राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि

**चित्रकूट, अमृत विचार :** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि निष्ठा और आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने गांधी उद्यान में स्थापित प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी, प्रो. नंदलाल मिश्रा, प्रो. अमरजीत सिंह, डॉ. कुसुमकुमारी सिंह, डॉ. ललित कुमार सिंह, डॉ. त्रिभुवन सिंह आदि शिक्षक, अधिकारी मौजूद रहे।

### एएसपी ने किया मंगलवार की परेड का निरीक्षण

**चित्रकूट, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में सलामी लेकर मंगलवार परेड का निरीक्षण किया। एएसपी ने पुलिस लाइन का मुआयना कर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को दिशानिर्देश दिए। बाद में उन्होंने विवेचकों की समीक्षा की।

# पांच आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

चित्रकूट कार्यालय

**अब्बास-निखत जेलकांड**

**आरोपियों में कर्वी के दो लोग भी शामिल**

**अमृत विचार :** बाहुबली मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास के पत्नी निखत बानो के साथ जिला जेल रगौली में अवैध रूप से मुलाकात मामले में प्रशासन ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की है। 5 लोगों पर गैंगस्टर लगाया गया है।

बता दें कि 10 फरवरी 2023 को जिला जेल रगौली में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने छापेमारी की थी और एक अधिकारी के कमरे में विधायक अब्बास अंसारी को पत्नी निखत बानो के साथ अवैध रूप से मुलाकात करते पकड़ा था। इसमें जेल के कई अधिकारियों के साथ बाहरी लोगों की संलिप्तता पाई गई थी। कुल 11 लोग इस मामले में आरोपी हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सामने आया है कि प्रशासनिक आधार पर दूसरी जेल से जिला जेल में आए आरोपी अब्बास अंसारी द्वारा कुछ अन्य लोगों के साथ एक नए संगठित गिरोह के माध्यम से आपराधिक गतिविधियां की जा रही थीं। ऐसे में पुलिस ने इनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। बताया कि गहराई से जांच पड़ताल किए जाने के बाद पांच आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट का अभियोग दर्ज करके विवेचना शुरू की गई है। आरोपियों में अब्बास अंसारी पुत्र मुख्तार अंसारी निवासी युशुफपुर थाना मोहमदाबाद जिला गाजीपुर, कैंटीन संचालक नवनीत सचान पुत्र सतेंद्र निवासी शंकर बाजार कर्वी, निखत का वाहन चालक नियाज अंसारी पुत्र मुन्ना निवासी खेतीपुर कंशराय पट्टी थाना खेतीपुर जिला गाजीपुर, सपा नेता फराज खां पुत्र मुन्ने खां निवासी द्वारिकापुरी पुरानी बाजार कर्वी के अलावा, निखत का सहयोगी शहबाज आलम खां पुत्र आलम निवासी अर्दली बाजार थाना कैंट जिला वाराणसी है। सभी पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# भाजपा ने पीडीए को हाशिए पर धकेल दिया : अनुज

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** रसिन के मजरे जोगियापुरवा में सपाइयों ने पीडीए चौपाल लगाई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने इस दौरान भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकारों पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास नारा देने वाली भाजपा ने सरकार बनने के बाद पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, शोषित समाज को हाशिये पर धकेल दिया

अनुज ने कहा कि भाजपा शैक्षणिक संस्थानों लागू आरक्षण को पूरी तरह खा गई। भर्तियों में आरक्षण के साथ लगातार छेड़छाड़ जारी है। गरीबों को कहीं न्याय नहीं मिल रहा है। महंगाई अपने चरम पर है। आरोप लगाया कि भाजपा नेता थानों की दलाली में मस्त हैं। महिलाओं के साथ आयेदिन अत्याचार हो रहा है। किसानों की आय दुगना होने की जगह एक गुना भी नहीं हो रही जबकि भाजपा नेताओं की आय चौगुनी होती जा रही है। अनुज ने कहा कि भाजपा का डर इसी बात में देखा जा सकता है कि जो भी विपक्षी गलत नीतियों का विरोध करता है उसके ऊपर ईडी, सीबीआई कार्रवाई करती है। इससे भी अगर ज़ी न भरा तो बुलडोजर से घर गिराया जाता है। उन्होंने कहा कि देश का पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक एकजुट हो चुका है और चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा। इस दौरान जनार्दन पटेल, अरशद खान, लालबहादुर निषाद, राम प्रसाद वर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, रजित यादव, रामप्रसाद वर्मा, दादू यादव, गौतम वर्मा आदि मौजूद रहे।


चौपाल को संबोधित करते अनुज यादव व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

# शिवशंकर का टिकट कहीं लील न ले कई का कैरियर

चित्रकूट कार्यालय

**लोकसभा चुनाव**

**कई दावेदारों पर भारी पड़े बबेरू के पूर्व मंत्री**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के टिकट देने में अप्रत्याशित रूप से बाजी मारी है। पहली सूची में बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री बबेरू निवासी शिवशंकर सिंह पटेल का नाम भी अप्रत्याशित ही कहा जाएगा।



हालांकि सपाई इसे अप्रत्याशित नहीं मानते, बल्कि दावा करते हैं कि जातीय समीकरण और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए आलाकमान ने एक दूरगामी और सही फैसला किया है। फैसला सही है या गलत, यह हकीकत तो समय के गर्भ में है पर यह जरूर है कि इस फैसले ने जिले के कई सपा नेताओं के राजनीतिक करियर पर सवालिया निशान लगा दिया है और अब यह भंवर में है। पार्टी के अंदरखाने की मानें तो टिकट की दौड़ में सपा अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल काफी आगे दिख रहे थे। जिस तरह से नगरपालिका चुनाव में उनकी दावेदारी को दरकिनार किया गया था, उससे भी पार्टी के अलावा राजनीतिक हवा को भांपने वाले अन्य लोग भी दावा कर रहे थे कि सपा लोकसभा चुनाव में उनको टिकट देकर उनके दर्द को कम करेगी। पालिकाध्यक्षी का टिकट न मिलने के बाद भी उनका पार्टी नेतृत्व के प्रति निष्ठा का बयान, उनकी हाल फिलहाल की सक्रियता भी यही साबित कर रही थी कि वह लोस चुनाव में बांदा-चित्रकूट सीट से सपा के दावेदार होंगे पर ऐसा हुआ नहीं। इसके अलावा पूर्व सांसद बालकुमार पटेल के नाम की भी चर्चा थी। बालकुमार इस समय धोखाधड़ी के एक मामले में बांदा जेल में निरुद्ध हैं। डा. निर्भय सिंह का नाम भी दौड़ में शामिल था। निर्भय को पार्टी ने आरके सिंह पटेल के विधायकी से इस्तीफा देने के बाद हुए मऊ-मानिकपुर सीट उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया था और तब उनको भाजपा प्रत्याशी आनंद शुक्ला ने शिकस्त दी थी। माना जा रहा है कि इसका आकलन करके ही आलाकमान ने उनका पत्ता काट दिया। पार्टी के विश्वस्त सूत्र यह भी बताते हैं कि चर्चा में वर्तमान सदर विधायक अनिल प्रधान का नाम भी था। जिस तरह से उन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा के राज्यमंत्री रहे चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को हजारों वोटों से शिकस्त दी थी, वह पार्टी आलाकमान के चहेते बने हैं। हालांकि अनिल आपसी बातचीत में यह कहते थे कि वह तो पहले से विधायक हैं, पर पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी वह पीछे नहीं हटेंगे। जानकारों के अनुसार, इनके अलावा बांदा से विशंभर निषाद, महेंद्र पाल वर्मा आदि नाम भी टिकट की दौड़ में थे। ऐसे में भाजपा सरकार में मंत्री रहे शिवशंकर सिंह पटेल को टिकट देना सबको चौंका तो गया है। हालांकि जिले में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इसे सही निर्णय बता रहे हैं। ये कहते हैं कि जिस तरह से बबेरू नगर पंचायत चुनाव में शिवशंकर ने लगकर पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाई और जिस तरह से विधानसभा चुनाव में भी वहां से पार्टी प्रत्याशी विजयी रहा, पार्टी नेतृत्व इसके पीछे उनकी निष्ठा और लगन को मानता है और इसी वजह से और एक अन्य मुख्य कारण जातीय समीकरण फिट बैठने से शिवशंकर को सपा ने लोकसभा चुनाव में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रत्याशी बनाया। देखना यह होगा कि यह निर्णय कितना खरा साबित होता है।

## सार-संक्षेप

### अब गांधी के बारे में बात करना भी कठिन : अमित यादव


बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाकपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कैंप कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर याद किया गया। जिला सचिव अमित यादव ने कहा कि कटाक्ष किया कि अब गांधी के बारे में बात करना तक कठिन हो गया है। गांधी जी की हत्या के पीछे कौन सी विचारधारा थी विषयक गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व विधायक रामप्रसाद सिंह ने की। गोष्ठी के पूर्व सभी ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने कहा कि गांधी एक दर्शन व विचार हैं। गांधी दर्शन के साथ-साथ प्राचीन मूल्यों की रक्षा करना आसान नहीं रहा। अमित ने कहा कि आज के दौर में आप स्वतंत्र रूप से न तो लिख सकते हैं, न बोल सकते हैं और न जी सकते हैं। आज आप न अपने और न दूसरों के हक के लिए आवाज ही उठा सकते हैं। इसी का गांधी दर्शन विरोध करता है। रामप्रसाद सिंह ने कहा कि गांधीजी ने कहा था कि तुम मेरे शरीर को मार सकते हो मेरे विचार को नहीं। गोष्ठी में चंद्रपाल पाल, सुशील सिंह, रवि करण, कमलेश, महेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। हनुमान, शिवबरन, शिवनरेश सिंह, रामस्वरूप, बिहारी लाल, रामकिशोर, रामभज, शिवमंगल आदि लोग मौजूद रहे।

### सीआईसी में जारी हैं इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं



प्रयोगात्मक परीक्षा में सवालों का जवाब देता छात्र। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चौहान के निर्देशन में मंगलवार को इंटर व्यावसायिक आशुलिपि तथा टंकण व भौतिक विज्ञान और कंप्यूटर की प्रयोगात्मक परीक्षा हुईं। राजकीय इंटर कॉलेज कन्नौज से आए परीक्षक शिशुपाल सिंह ने आशुलिपि तथा टंकण की प्रयोगात्मक परीक्षा ली। प्रयोगात्मक परीक्षा को संपन्न कराने में व्यावसायिक प्रवक्ता शंकर प्रसाद यादव, सतीश कुमार रैकवार, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर का योगदान रहा। भौतिक विज्ञान की पहले चरण की परीक्षा में भौतिक विज्ञान प्रवक्ता काशी नारायण मिश्र, जयप्रकाश, प्रवीण त्रिपाठी, मनोज पांडेय, तीरथ पटेल, विवेक आदि का योगदान रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का हर माह करें निरीक्षण

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे माह में एक बार आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण जरूर करें। जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि सैम प्रबंधन में जो बच्चे सामान्य हो गए हैं, उनको ई-कवच पोर्टल से हटाया जाए। लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक माह पोषण पुनर्वास केंद्रों में सैम मैम बच्चों को भर्ती करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। डीएम ने पोषाहार व हाड कुक्ड योजना के अंतर्गत भोजन का वितरण सही तरीके से कराने, वजन मशीनों को ठीक कराने को कहा। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीनें या अन्य मशीनें नहीं हैं, तत्काल व्यवस्था कराएं। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई पीके मिश्रा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेमदास, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि रहे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

# 15 मार्च से शुरू होगी गेहूं की खरीद

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** 15 मार्च से सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं खरीदा जाएगा। यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि यह खरीद 15 जून तक होगी।

अविनाश झा ने बताया कि सरकारी खरीद केंद्रों पर सीधे किसानों से गेहूं खरीद की जाएगी। बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद जिले में कुल 40 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के कर्वी, पहाड़ी, बरगढ़, बसिला और मानिकपुर मंडी स्थल, पीसीएफ के बीपैक्स परसौंजा, रामपुर बांधी, रैपुरा, पहाड़ी उत्तरी, चकौंध, बिहरवां, सरधुआ, मऊ, रामनगर, खपटिहा, गाहुर, खोही, छीबों, नांदिन कुर्मियान, इटखरी, भारतपुर, रसिन, ऐंचवारा, हरदौली, रामपुर कल्याणगढ़, बियावल, किहुनिया, राजापुर, खोह, कर्वी मंडी, खंडेहा, बरगढ़, पूरबपताई, भदेदू एवं घुरेटनपुर तथा भारतीय खाद्य निगम के रसिन मंडी परिसर, कर्वी मंडी परिसर एवं पीईजी गोदाम रगौली कर्वी व मंडी समिति कर्वी का क्रय केंद्र शामिल है। बताया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीकरण एक जनवरी से शुरू हो गया है। बताया कि जिन किसानों ने गत वर्षों में धान/ गेहूं खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें सिर्फ सूचनाओं को संशोधित करना होगा। किसान किसी भी जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे में जाकर अथवा स्वयं मोबाइल द्वारा यह काम कर सकते हैं। बताया कि गेहूं बिक्री के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। कृषक पंजीकरण के लिए वर्तमान मोबाइल नंबर ही अंकित कराएं। बताया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल है जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रुपये अधिक है। किसी भी जानकारी के लिए विभाग के टोलफ्री नंबर 1800-1800-150 या जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक/क्रय केंद्र प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

**लापरवाही** — जिले की लाइफलाइन मंदाकिनी नदी का अस्तित्व खतरे में, आवाज उठाने पर भी नहीं होती सुनवाई

# सीधे नदी में गिर रहे नाले कर रहे पेयजल को प्रदूषित

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की लाइफलाइन मंदाकिनी नदी का अस्तित्व खतरे में है। जानकारों की मानें तो सिर्फ नगर पालिका के अंतर्गत लगभग दो दर्जन नालों का पानी सीधे नदी में जा रहा है। इस संबंध में कई बार समाजसेवियों ने आवाज उठाई पर यह नक्कारखाने में तूती की तरह रही। इससे नदी का पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है और नदी अस्तित्व भी खतरे में है।

बता दें कि इसी नदी से चित्रकूट, सीतापुर और पहाड़ी के कई गांवों के लगभग सवा लाख लोगों को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में क्या वाकई में शुद्ध पानी पी रहे हैं या नहीं, यह सवाल है। गौरतलब है कि इस संबंध में आवाजें तो बहुत उठीं पर वास्तव में मन लगाकर किसी उद्देश्य के साथ इस दिशा में सोचा नहीं गया। शायद यही वजह है कि जो जागरूकता नजर आनी चाहिए, वह नजर आई नहीं। जनप्रतिनिधियों ने भी इस दिशा में गंभीरता से नहीं ध्यान दिया। लोग कटाक्ष करते हैं कि बड़े नेताओं के साथ ज्ञापन देकर फोटो खिंचवाना एक बात है और लगना एक बात। मौजूदा समय में मंदाकिनी की हालत ख़राब है। इस दिशा में विचार करते हुए समस्या से निजात दिलाना अति आवश्यक है जिससे शुद्ध पेयजल मिल सके।


इस तरह गंदा पानी जा रहा मंदाकिनी में। अमृत विचार

### सच्चे मन से आंदोलन की आवश्यकता

परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक अनुज हनुमत कहते हैं कि मंदाकिनी में गंदगी का आलम यह है कि आधा सैकड़ा गंदे नाले अभी भी सीधे नदी में गिर रहे हैं। मंदाकिनी नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सच्चे मन से बड़े आंदोलन की आवश्यकता है। माता अनुसुइया के तपोबल से प्रकटी और भगवान राम के वनवास काल की साक्षी मां मंदाकिनी को बचाने की सख्त ज़रूरत है। अनुज बताते हैं कि तीर्थक्षेत्र में कई होटलों के बगल से नालियां अंदर अंदर बनाई गई हैं, जो सीधे मंदाकिनी में गिरती हैं। अनुज मंदाकिनी बचाने के लिए अपने खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री को भी भेज चुके हैं।

# अपहरण, दुराचार के दोषियों को कठोर कैद

चित्रकूट कार्यालय

**अदालत से**

**अलग-अलग मामलों के दो दोषियों को अर्थदंड भी देना होगा**

**अमृत विचार :** नाबालिग बच्चियों के अपहरण और दुराचार के अलग-अलग मामलों में दोषियों को कोर्ट ने कठोर कारावास की सजा दी है। इनको अर्थदंड भी दिया गया है।



विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि पहाड़ी थाने में 21 जुलाई 2017 को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को एक गांव निवासी अशोक कुमार अगवाकर ले गया और दुराचार किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी अशोक कुमार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। कोर्ट ने दोषी को 21 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। एक अन्य मामले में भी दोषी को सजा हुई है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 13 फरवरी 2017 को कर्वी कोतवाली में एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीया छोटी बहन को एक मोहल्ला निवासी निक्की बौरिया उर्फ शुभम दबाव बनाकर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध निक्की बौरिया उर्फ शुभम को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। कोर्ट ने निक्की को 10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

## एक नजर

### आग से झुलसी युवती ने अस्पताल में दम तोड़ा

**कार्यालय संवाददाता, बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के बीरा गांव निवासी पूजा (24) पत्नी मोहित सिंह डेढ़ माह पहले अपने मायके अतर्रा थाना क्षेत्र के महोतरा गांव आई थी। छह दिन पहले उसने अपने ऊपर डीजल छिड़क आग लगा लिया था। गंभीर रूप से झुलसी युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता शारदा प्रसाद ने बताया कि पूजा अतर्रा में बीए की छात्रा थी। उसके तीन माह की एक बेटी है। 25 जनवरी से उसकी परीक्षाएं भी थी। परीक्षाओं को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

### हज यात्रा के लिए जनपद से 56 का हुआ चयन

**बांदा :** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को हज यात्रा 2024 के लिए कंप्यूटरीकृत लॉटरी के जरिए जनपद से 56 लोगों का चयन किया। प्राइवेट हज व उमराह समिति सदस्य आरिफ खान ने बताया कि चयनित हज यात्रियों में सदरे अहमद अली आलम, अब्दुल रज्जाक, अब्दुल सईद, रफीक मोहम्मद, मलिक अहमद, अब्दुल्ला खान, मकबूल अली खान, राशिद हुसैन, नियाज अहमद खान, फजले अहमद शाह, मोहम्मद तारिक, जमीलुर्रहमान, अख्तर अली, मकसूद अली शेख, करमतुल हसन खान, मोहम्मद जीशान, जमीर अली, मुफारुक वकील शेख, मोहम्मद शारिक इस्लाम, जियाउद्दीन, सिद्दीक अख्तर, मुनीर अली, साबिर, मोहम्मद लुकमान शामिल हैं।

### तमंचा व कारतूस समेत एक गिरफ्तार

**बांदा :** बबेरु कोतवाली कस्बा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव, कांस्टेबिल अजय कुमार व राहुल साहू सोमवार को गश्त और चेकिंग पर थे। मुखबिर की सूचना पर घसिला तालाब के पास से कस्बा के देवी नगर निवासी अखिलेश वर्मा उर्फ अजय पुत्र रंजीत वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं और शातिर अपराधी है। कई बार जेल जा चुका है।

# पहले आओ पहले पाओ : बुकिंग कराकर सोलर पंप का लाभ उठाएं किसान

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** कृषक पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करें, क्योंकि शासन द्वारा यह सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है, जिसका समुचित लाभ उठाएं। उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने किसानों से कहा कि अनुदान पर सोलर पंप बुकिंग का सिलसिला बीती 16 जनवरी से शुरू किया गया था। अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए यह कार्यक्रम बीती 24 जनवरी से पुनरू शुरू किया गया था, जिसकी बुकिंग निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि किसान सोलर पंप के लिए अपनी आनलाइन बुकिंग भी करा सकते हैं। 3 हार्सपावर के डीसी सबमर्सिबल पंप की कीमत 232721 रुपये है। इस पर 139633 रुपये अनुदान निर्धारित हैं। इसके लिए टोकन मनी 5 हजार निर्धारित है। अवशेष कृषक अंश 88088 और बुकिंग के लिए अवशेष लक्ष्य 144 है। इसी प्रकार से 3 हॉर्स पावर के एसी सबमर्सिबल पंप की कीमत 230445 रुपए है। इसमें अनुदान 138267 रुपए हैं। इसमें भी टोकन मनी 5 हजार रुपये और अवशेष कृषक अंश 87178 रुपये है। इसका लक्ष्य 71 है। इसी प्रकार 5 हॉर्स पावर के एसी सबमर्सिबल पंप की कीमत 327498 है, जिस पर अनुदान 196499 रुपए है। अवशेष कृषक अंश 125999 रुपये है। इसका अवशेष लक्ष्य 31 है। इसी प्रकार साढ़े सात हॉर्स पावर के एसी सबमर्सिबल पंप की कीमत 444094 रुपये है, जबकि अनुदान 266456 रुपये है। बुकिंग के लिए अवशेष लक्ष्य 10 है। उप कृषि निदेशक ने इच्छुक किसानों से अपील की है कि वह शीघ्र बुकिंग कराकर सोलर पंप का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों द्वारा बीती 16 जनवरी को बुकिंग कराई गई है, लेकिन पैसा कटने के बावजूद पोर्टल की तकनीकि खराबी के कारण बुकिंग नंबर नहीं मिल पाया था उनका पैसा वापस होगा। हालांकि वह ऐसे कृषक भी सोलर पंप का लाभ लेने के लिए पुन: बुकिंग करा सकते हैं।

# चुनाव में 17,571 नए वोटर करेंगे मतदान

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद कुल मतदाताओं की संख्या हुई 13,26,580

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

- पुनरीक्षण अभियान के बाद निर्वाचन विभाग ने जारी की नई मतदाता सूची
- पिछले चुनाव में चारों विधानसभाओं में थे 13,09,009 मतदाता

**अमृत विचार:** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के बाद निर्वाचन विभाग ने नई मतदाता सूची जारी कर दी। जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 17 हजार से ज्यादा नए मतदाता बढ़े हैं। लोकसभा चुनाव में चारों विधानसभाओं में 13,26,580 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे, जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में 13,09,009 मतदाता थे। इस बार थर्ड जेंडर मतदाताओं में कमी आई है। पिछली बार 57 थर्ड जेंडर मतदाता थे, जबकि इस बार सिर्फ 41 बचे हैं।

बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में जनपद में चार विधानसभा क्षेत्र तिंदवारी, बबेरू, नरैनी और बांदा हैं। यहां नए मतदाताओं को शामिल करने और बाहरी व मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने तथा नाम आदि संशोधन के लिए दो माह तक संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। निर्वाचन विभाग ने जनपद के मतदाताओं की चारों विधानसभाओं की अनंतिम सूची जारी की है। पुनरीक्षण अभियान के बाद तैयार की गई लोकसभा चुनाव की सूची में इस वर्ष 17, 571 नए मतदाता बढ़े हैं। लोकसभा चुनाव में यह युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन विभाग की ओर से विधानसभा वार मतदाताओं की सूची की निर्वाचन कार्यालय से लेकर बूथों तक में चस्पा की गई है। इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 13 लाख 26 हजार 580 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 7,21,731 पुरुष और 6,04,808 महिला मतदाता शामिल हैं। चारों विधान सभा क्षेत्रों में 41 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 13 लाख 9 हजार 9 मतदाता रहे हैं। इनमें 7,15,263 पुरुष व 5,93,689 महिला मतदाता और 57 थर्ड जेंडर मतदाता रहे। बबेरू विधानसभा में पिछली बार 22 थर्ड जेंडर रहे हैं। अबकी यहां 12 थर्ड जेंडर ही बचे हैं, जबकि नरैनी विधानासभा में पिछली बार की तरह इस बार भी 10 मतदाता हैं। सदर विधानसभा में 18 में सिर्फ 13 थर्ड जेंडर मतदाता बचे हैं।

# मांगों के समर्थन में अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

## मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी हड़ताल, जजी, कलक्ट्रेट व तहसील परिसर में की नारेबाजी

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**


विरोध-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला अधिवक्ता संघ के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने दो सूत्रीय मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर जजी, कलक्ट्रेट और तहसील परिसर में घूम-घूमकर विरोध प्रदर्शन किया। जनपद न्यायाधीश कोर्ट के बाहर अधिवक्ताओं ने धरना देते हुए आवाज बुलंद की। अधिवक्ता संघ ने मांगे पूरी न होने तक हड़ताल जारी रखने का एलान किया।

जिला अधिवक्ता संघ भवन में मंगलवार को अधिवक्ता इकट्ठा हुए। अध्यक्ष राजेश दुबे व महासचिव ओमप्रकाश सिंह गौतम के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर जुलूस के रूप में मुख्य मार्ग से होते हुए कलक्ट्रेट व जजी परिसर के सभी मार्गों पर नारेबाजी करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। जनपद न्यायाधीश की अदालत के बाहर बैठकर धरना दिया। मांग पूरी करने के लिए अपनी आवाज बुलंद की। सभी अधिवक्ता प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर पहुंचे। वहां पर भी अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पहुंचे। यहां पर भी विरोध प्रदर्शन के साथ सभा की। जिसमें अनेक वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष ने सभी अधिवक्ताओं से अनुशासित व संगठित रहने का आह्वान किया। पुलिस और न्यायिक अधिकारियों को खबरदार करते हुए कहा कि अधिवक्ता कभी अंसवैधानिक कार्य नहीं करते। तानाशाही रवैया अपनाया तो उसके लिए अधिवक्ता संघर्ष एवं मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहता है। अधिवक्ताओं की जनसभा में यह भी सुनिश्चित किया गया कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक पूर्व नियत समय पर प्रतिदिन धरना प्रदर्शन के साथ-साथ हड़ताल जारी रहेंगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से शंकर सिंह गौतम, अवधेश गुप्ता, बीएम कुशवाहा, रामस्वरूप सिंह, उमाशंकर शर्मा, अशोक दीक्षित, द्वारिकेश सिंह यादव, धनराज सिंह, राममिलन सिंह पटेल, यदुनाथ सिंह, रामप्रकाश शिवहरे, मनोज निगम, रामेंद्र, सुरेंद्र मिश्र, सतीश मिश्र, आशीष मिश्र, नवीन निगम, अजय प्रजापति, आनंद शुक्ला, धर्मपाल वर्मा, आदित्य सिंह, धीरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर तिवारी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लोकतंत्र बचाना है तो समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाना होगा: विशंभर

- सपा विधायक ने संविधान बचाओ का किया आह्वान

**संवाददाता, बबेरू (बांदा)**


ग्रामीण को संबोधित करते सपा विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीडीए व संविधान बचाओ कार्यक्रम के दौरान हरदौली व पतवन गांव में ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए सपा विधायक ने कहा कि यदि बाबा साहब अंबेडकर ने दलितों और पिछड़ों का वोट देने का अधिकार न दिया होता तो इन्हें कोई न पूछता। भाजपा पर चोट करते हुए कहा कि यह तानाशाह सरकार संविधान को ही खत्म कर देना चाहती है। लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें समाजवादी पार्टी (सपा) को सत्ता में लाना होगा।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक आदिवासी) व संविधान बचाओ कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे सपा विधायक विशम्भर सिंह यादव ने बबेरू विधानसभा के हरदौली व पतवन गांव में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि बाबा साहब ने संविधान में वोट देने का अधिकार न दिया होता, तो पिछड़ों और दलितों को कोई नहीं पूछता। यह तानाशाह सरकार बाबा साहब के बनाये हुए संविधान को खत्म करना चाहती है। पीडीए के लोगों को सावधान करते हुए सपा विधायक ने कहा कि अगर संविधान और लोकतंत्र बचना है, तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। इस दौरान सुनील यादव प्रधान, रामजीत यादव प्रधान, पुत्तन सिंह, ज्ञान सिंह, संजीत यादव, सादाब खान, पूर्व प्रधान विमल यादव, रामशंकर यादव, अखिलेश पाल, शिवाकांत प्रजापति, सुरेश यादव, शिवहरे वर्मा, माताप्रसाद वर्मा, छेदीलाल यादव, सगीर खान, अनवर खान, संदीप यादव, जयचंद, ब्रजेश साहू, जलालुद्दीन, नसीम खान, अनूप गुप्ता, कल्लू खान, मलखान, सोनू, विक्रम यादव, देवराज, अजब यादव समेत सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को करवाएं प्रचार : आयुक्त

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**


समीक्षा बैठक लेते आयुक्त साथ में जिलाधिकारी।

- सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित

**अमृत विचार:** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी जाने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये। आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने सभी जनपदों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रमुख बाजार व चौराहों में मतदान के लिए जागरूकता लाने को प्रचार कराये जाने, हर ग्राम पंचायत में मतदान को प्रेरित करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाये जाने तथा महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि वन ड्राप मोर क्रॉप अन्तर्गत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई के लिए 42 हजार हेक्टेयर भूमि का पंजीकरण किया गया है। उसकी टोकन मनी 10 फीसद धनराशि जमा कराकर शीघ्र आवेदकों को योजना से लाभान्वित करायें। आयुक्त ने ग्राम विकास के अन्तर्गत एनआरएलएम समूहों को बैंकों से सीसीएल कराकर धनराशि दिलाई जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी महोबा एवं बांदा को आवास निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, जिलाधिकारी चित्रकूट अभिषेक आनंद, जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पाण्डेय, जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी, अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार समेत मण्डल के अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा ने पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल को दिया टिकट

- 16 उम्मीदवारों की पहली सूची में जारी किया नाम

**जिला संवाददाता, बांदा**


शिवशंकर पटेल।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस सूची में पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल पर भाग्य आजमाने को बांदा-चित्रकूट लोकसभा से प्रत्याशी घोषित किया है। पूर्व मंत्री ने पिछले जिला पंचायत चुनाव के वक्त समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को घोषित 16 प्रत्याशियों की सूची जारी कर सबसे पहले सूची जारी करने वाले दल के रूप में बाजी मार ली है। पार्टी ने इस सूची में पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल पर विश्वास जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है, जिससे पटेल बिरादरी में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सिंचाई एवं लोक निर्माण राज्य मंत्री रहे शिवशंकर सिंह पटेल जनपद की बबेरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव जीते थे। बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र ब्राम्हण व पटेल बिरादरी बाहुल्य माना जाता है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में आरके सिंह पटेल को टिकट दिया था। चुनाव जीतकर वह वर्तमान में यहां के सांसद हैं। इस सीट पर पहले से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि यहां से समाजवादी पार्टी ब्राम्हण और पार्टी पटेल बिरादरी के नेता पर दांव लगाएगी। पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल ने पत्नी कृष्णा पटेल के लिए भाजपा से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ाने को टिकट की मांग की थी, लेकिन पार्टी ने जब उन्हें टिकट नहीं दिया तो पूर्व मंत्री ने कृष्णा पटेल को भाजपा प्रत्याशी के विरोध में निर्दलीय चुनाव में उतार दिया था। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके के बाद पूर्व मंत्री ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रही पत्नी कृष्णा पटेल, बबेरू के पूर्व ब्लॉक प्रमुख भतीजे राजेंद्र सिंह समेत सैंकड़ों लोगों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। टिकट के लिए वह पिछले लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी, लेकिन जब वहां भी निराशा हाथ लगी तो वे पुनः भाजपा को अपना पुराना घर बताकर वापस लौट आए थे।

### थानाध्यक्ष ने रुकवाई नाबालिग की शादी

**कार्यालय संवाददाता, बांदा।** ताई व बुआ की एसपी से नाबालिग भतीजी की शादी रुकवाने को गई फरियाद रंग लाई। एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने नाबालिग की शादी रुकवा दी। मां से पुलिस को नाबालिग पुत्री की शादी न करने का लिखित बयान दिया है। पुलिस जांच में जुटी है। जसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री की शादी 35 वर्षीय युवक से तय कर दी। 30 जनवरी (बुधवार) को बरात आनी थी। किशोरी की ताई और बुआ ने शादी करने से मना किया। लेकिन किशोरी की मां शादी कराने पर अड़ गई। बुआ और ताई ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर नाबालिग भतीजी की शादी रुकवाने का अनुरोध किया।

# शहादत दिवस के रूप में मनाई बापू की पुण्यतिथि

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

- कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता को याद कर दी श्रद्धांजलि, उनके बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**अमृत विचार:** कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बापू का प्रिय भजन गाकर कांग्रेसियों ने उनके सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए देश के हित में काम करने का संकल्प दोहराया। साथ ही कांग्रेसियों ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहीदी दिवस शहादत दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान कांग्रेसियों ने बापू का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजाराम...' गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसियों ने फूल चढ़ाकर पुष्पांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बापू के सिद्धांतों और मूल्यों का संपूर्ण विश्व आज भी कायल है। सारे विश्व में महात्मा गांधी का सम्मान है, गांधी विचारधारा ने ही भारत देश सहित विश्व के तमाम मुल्कों में लोकतंत्र बहाल किया है। महात्मा गांधी की हत्या करने वाले संकीर्ण मानसिकता के लोग थे। ऐसी मानसिकता और विचारधारा के खिलाफ हमें लड़ाई लड़ते रहना होगा। इस मौके पर बी.लाल, संतोष द्विवेदी, डा.केपी सेन, शिवबली सिंह, सत्यप्रकाश द्विवेदी, अमित द्विवेदी, सुखदेव गांधी, रफत खान, अशरफ उल्ला, नाथूराम सेन, शब्बीर सौदागर, हरिश्चंद्र बाजपेई, अली बक्श, वारिस अली, ननकू, रामदीन, दिवाकर सिंह समेत तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### रोजगार परक योजनाओं की बैठक आज

**बांदा :** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित रोजगार परक योजनाएं जिनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जिन मनी योजना की समीक्षा बैठक आयुक्त की अध्यक्षता में 31 जनवरी (बुधवार) को अपरान्ह साढ़े तीन बजे से आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित होगी। संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बैठक में नामित अधिकारी ही भागीदारी करें। किसी भी दशा में प्रतिस्थानी को बैठक में न भेजा जाए। उन्होंने सभी संबंधित बैंकों के जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं उपायुक्त उद्योग से अपेक्षा की है कि वह अपने विभाग से संबंधित प्रगति सहित बैठक में उपस्थित हो।

### दृष्टि दोष से ग्रसित पाई गईं 27 छात्राएं

**संवाददाता, नरैनी (बांदा)**


छात्रा का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक।

**अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 27 छात्राओं में दृष्टि दोष पाया गया। इन छात्राओं को चश्मा वितरित किया जाएगा। बताया गया कि यदि यह छात्राएं चश्मे का लगातार प्रयोग करेंगी तो नंबर बढ़ने की भी संभावना बहुत कम होगी। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ .विपिन शर्मा के निर्देशन में नेत्र परीक्षण अधिकारी पंकज नामदेव ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कुल 66 छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया, जिसमें 27 छात्राएं दृष्टि दोष से ग्रसित पाई गईं। उनका मौके पर ही रेटिनोस्कोपी कर रिफ्रैक्शन किया गया। परीक्षण नेत्र परीक्षण अधिकारी ने बताया कि इन बच्चों को नि :शुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। चश्मे के नियमित प्रयोग से चश्मे का नंबर बढ़ने की संभावना बहुत कम होती है और आंखों में जोर नहीं पड़ता। इससे सर और आंखों में दर्द आदि की समस्या नहीं होती। साथ ही वस्तुएं व अक्षर स्पष्ट दिखाई देते हैं। इस मौके पर अवध नरेश, अर्चना सिंह (प्रभारी वार्डन), दीप्ति राजपूत, संगीता देवी, सरिता वर्मा, किरण सिंह, अरविंद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा


कथा सुनते श्रद्धालुजन व इनसेट में आचार्य गोपाल मिश्र।

**संवाददाता, तिंदवारी (बांदा) अमृत विचार :** कस्बे के प्राचीन मां काली देवीमंदिर में विश्वकर्मा परिवार के द्वारा चारों धाम की पूजा के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को कंस वध व श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य गोपाल मिश्र ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भवसागर से पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा वाचक ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया। आचार्यजी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह करके उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। उन्होंने महारास लीला, उद्धव चरित्र, श्रीकृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत रुप से कथा सुनाई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्षा सुधा साहू, कौशल किशोर विश्वकर्मा, कमल किशोर, नन्दकिशोर, ओमप्रकाश मिश्र, देवीदीन कुशवाहा, कमलाकांत त्रिवेदी, गौरीशंकर आचार्य, पीयूष द्विवेदी, सूरज साहू, रामकेवल यादव समेत बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

**तैयारी** लोकसभा चुनाव में जनसमर्थन जुटाने को पार्टी चलाएगी गांव चलो अभियान

# भाजपा का प्रत्येक प्रवासी 24 घंटे अपने बूथ में करे प्रवास

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**


कार्यशाला को संबोधित करते जिला भाजपा प्रभारी रामकिशोर साहू।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जनसमर्थन जुटाने को मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रवासी से अपने आवंटित बूथ में 24 घंटे प्रवास का आह्वान किया गया। प्रवासी कार्यकर्ता अपने लिए आवश्यक सामग्री, औषधि साथ लेकर जाएंगे।

लोकसभा चुनाव-2024 में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए पार्टी के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिशा निर्देशन में 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलाए जाने वाले गांव चलो अभियान को लेकर मगंलवार को जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, मंडल अध्यक्ष, अभियान के मंडल संयोजक तथा सह संयोजक, विधायक, सांसद, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए अपेक्षित कार्यशाला में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि गांव चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर सम्पर्क करते हुए सरकार तथा संगठन की योजनाओं को बताना और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ बैठकर चर्चा परिचर्चा करना संगठन की दृष्टि से बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। मुख्य अतिथि जिला भाजपा प्रभारी रामकिशोर साहू ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांव चलो अभियान की शुरुआत करने के निर्देश दिए। 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मानना है। कार्यशाला को सांसद आरके सिंह पटेल ने भी संबोधित किया जबकि संचालन जिला महामंत्री विवेकानन्द गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, प्रभात गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, चेयरमैन मालती बासू, मटौंध चेयरमैन सुधीर सिंह, बबेरू ब्लाक प्रमुख रमाकांत पटेल, ब्लाक प्रमुख कमासिन रावेंद्र गर्ग, जिला महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित, कल्लू सिंह राजपूत, प्रेमनारायण द्विवेदी, मनोज पुरवार, धर्मेंद्र त्रिपाठी, प्रद्युम्न नरेश आजाद, जागृति वर्मा, धीरेंद्र सिंह, संतु गुप्ता, मनीष गुप्ता, पंकज रैकवार, राजर्षि शुक्ला, दिनेश यादव, शैलेंद्र जायसवाल, रामराज गुप्ता आनंद, उत्तम सक्सेना, आनन्द स्वरूप द्विवेदी, राजनारायण द्विवेदी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तर पर कृषि निवेश मेला 2 फरवरी से

**कार्यालय संवाददाता, बांदा।** कृषि निदेशक द्वारा उपलब्ध कराई गई कार्ययोजना में कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि प्रसार, निवेश तथा तकनीकि प्रबंधन योजना के अंतर्गत संचालित कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए ब्लाक स्तरीय कृषि निवेश मेला आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि ब्लाक स्तरीय आयोजित होने वाली कृषि मेलों में 2 फरवरी को महुआ ब्लाक परिसर में कार्यक्रम प्रभारी रामचंद्र साहू, पर्यवेक्षकीय अधिकारी संजय कुमार, बुद्धराज पटेल, सुशील त्रिवेदी तथ नोडल अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में कृषि निवेश मेला आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार से तिंदवारी ब्लाक परिसर में तीन को कार्यक्रम प्रभारी अभिनव त्रिपाठी के नेतृत्व में तथा नरैनी ब्लाक परिसर में भी इसी दिन कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में मेला आयोजित किया जाएगा।

## नरैनी तहसील की ओर से जनपदवासियों को
## गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं



**चंदा देवी**
**पत्नी चंद्रपाल वर्मा**
विनय सिंह (सचिव)
ग्राम पंचायत- पिपरहरी

अयोध्या में प्रभू श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा, गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं



**आदित्य त्रिपाठी (जानू)**
सभासद,
नगर पंचायत, नरैनी



आशीष विश्वकर्मा
मो. 9935549919

नगर के सभी सुधी पाठकों, विज्ञापन दाताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र वासियों को अमृत विचार समाचार पत्र की तरफ से गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आशा करते है की आप सभी का सहयोग अमृत विचार समाचार पत्र को इसी प्रकार मिलता रहेगा।

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं





**सुमन देवी**
प्रधान
**रावेन्द्र कुशवाहा**
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत पड़मई (नरैनी)

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं

**फैमीदा खातून**
प्रधान
**मो. आरिफ**
प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत –लहुरेटा

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं



**श्रीमती रानी पत्नी**
**विनोद शिवहरे**
प्रधान
अतुल अंजान, सचिव
ग्राम पंचायत –नौगवां

सभी जनपदवासियों को **गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी** की हार्दिक शुभकामनाएं



**विजय मिश्रा**
प्रधान
**विनय यादव**
सचिव
ग्राम पंचायत –पुकारी







## कार्यालय नगर पंचायत, नरैनी, बांदा
**गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं**

अपील
नगर पंचायत के बकाया गृहकर आदि का भुगतान समय से करें।
जन्म मृत्यु का पंजीयन समय से कराकर असुविधा से बचें।
सार्वजनिक भूमि सड़क, नाली पर अतिक्रमण न करें।
गीले-सूखे कूड़े अलग-अलग कूड़ादानों में ही डालें।
नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।
नगर में लगे स्ट्रीट लाइट उपकरणों को न तोड़ें।
पश्चलीथिन का प्रयोग न करें और न ही उन्हें नालियों में डालें।
खुले में शौच न जायें।



**मूलचंद्र सोनकर**
अध्यक्ष

**सम्मानित सभासदगण**
नीरज रैकवार, कंचन देवी, धर्मेन्द्र वर्मा, बब्बल उर्फ शैलेंद्र शर्मा, साधूराम, नाजमा खातून, गौरा देवी, आदित्य त्रिपाठी उर्फ जानू, हरि प्रसाद निगम, नफीस अहमद, संतोष शिवहरे, हेमलता पाण्डे




**विकास यादव**
एसडीएम/
अधिशाषी अधिकारी





## एक नजर

### कैंप आयोजित कर डाउनलोड किया गया नमो एप्लीकेशन



**महोबा।** भाजपा जिलाध्यक्ष महोबा अवधेश गुप्ता के नेतृत्व में शहर के आल्हा चौक में एक कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोगों के मोबाइल पर नमोएप डाउनलोड किया गया साथ ही एप के बावत जानकारी मुहैया कराई गई। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की इस एप की मदद से जानकारी हासिल की जा सकती है। जिलाध्यक्ष ने पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को नमोएप का प्रयोग करने के साथ साथ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों व मित्रों के मोबाइल पर नामेएप डाउनलोड करके योजनाओं की विस्तृत जानकारी की बात कही। इस मौके पर नगर तमाम भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे।

### ग्राम नकरा में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

**महोबा।** ग्राम पंचायत नकरा में समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण परियोजना फेस-2 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह द्वारा बाढ़, शीतलहर, आग, भूकंप, ओलावृष्टि आदि आपदा के समय कैसे बचा जा सके इसकी विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी दी गई। संस्था आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि आपदाओं से निपटने के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को बिना घबराए शांत रखकर ही अपदाओं से निपटा जा सकता है, घबराने से मुसीबत बढ़ती है घटती नहीं। इसक मौके पर आधा सैकड़ा ग्रामीणों को पोसटर बैनर के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुषमारानी, पंचायत सहायक निशा, नीरज, तुलसीदास, अनिल, सचिन मन्नू देवी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### किशोरी को अगवा करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** कुलपहाड़ रोड पर स्थित एक कालोनी से तेरह वर्षीय किशोरी को अगवा किए जाने पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और किशोरी को बरामद कर लिया है। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि अभियुक्त किशोरी को आए दिन परेशान करता था और छेड़खानी करता था। कुलपहाड़ रोड स्थित एक कालोनी निवासी किशोरी को शहर केक युवक अरशद किशोरी को अगवाकर ले गया था।सूचना पर पुलिस ने किशोरी के साथ अभियुक्त को भी पकड़ लिया। पीड़िता के पिता ने अरशद के खिलाफ छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है कोतवाली प्रभारी का कहना है कि किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। डॉक्टरी रिपोर्ट आने पर धाराएं और बढ़ाई जाएंगी।

# जिले में ब्लॉक व नगर में 120 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

**37** ब्लाक जैतपुर में | **16** चरखारी में | **30** ब्लाक पनवाड़ी में | **37** नगरीय क्षेत्र व कबरई ब्लॉक में हुई शादियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा



जोड़ों को आर्शीवाद देते एमएलसी सहित तमाम भाजपाई। अमृत विचार


कन्यादान करते ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले के चारो विकासखंडों और नगरीय क्षेत्र में आयोजित हुए विवाह सम्मेलन में विधिविधान, मंत्रोच्चारण और हिन्दू रीति रिवाज के साथ 120 जोड़े एक दूसरे के जीवन साथी बने, नए जोड़ों ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें भी खाई और जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह सम्मेलन स्थल पर मंडप सजाए गए, जहां पर पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच विवाह की रस्मे कराई गई। जहां पर वर वधु ने सात फेरे लिए। सात फेरों के बाद वधु का कन्यादान किया गया।

मंगलवार को कम्यूनिटी सेंटर महोबा में सुबह से ही गीत संगीत की धूम शुरू हो गई। ग्रामीण अंचलों और नगर क्षेत्र से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया, जहां पर दिन में ग्यारह बजे के बाद वैवाहिक रस्मे शुरू हुई, जो शाम चार बजे तक चलती रहीं। कम्यूनिटी सेंटर में करबई ब्लाक और नगर क्षेत्र के 37 जोड़े दाम्यपत्र सूत्र में बंधे। वर वधुओं के साथ आए परिजनों और रिश्तेदारों के खानपान की भी व्यवस्था की गई। विवाह स्थल में पंडितों को सुबह से ही विवाह सम्पन्न कराने के लिए बुला लिया गया था। मैदान में अलग अलग कई मंडप बनाए गए जहां एक साथ कई वर वधु का मंत्र पढ़कर विवाह सम्पन्न कराया गया। इसी तरह ब्लाक चरखारी में 16 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के तहत कराया गया। वर वधुओं को उपहार भी दिए गए।

पनवाड़ी प्रतिनिधि के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ब्लाक परिसर पनवाड़ी में सर्वप्रथम 30 वर वधु के पंजीयन किए गए, जिसमें 30 जोडों का द्वारा हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह सम्पन्न कराया। उपस्थित लोगों ने विवाह सम्पन्न होने के बाद दूल्हों और उनकी जीवन संगनियों को आर्शीवाद दिया और सुख मय जीवन की कामना करते हुए 35000 रुपये वधु के बैंक खाते में और 16000 रुपये का दान दहेज उपहार स्वरुप देकर दुल्हानों की विदाई की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी ने किया। इस मौके पर पनवाड़ी ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी, एडीओ पंचायत कमलेश अनुरागी, बीडीओ संतराम, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दिग्विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने वर वधु को आर्शीवाद दिया। ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी ने कन्यादान किया। अंत में विदाई की रस्मे नम आंखों से की गई।



वर वधू को उपहार देते सभासद। अमृत विचार

जैतपुर प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को कस्बा जैतपुर के ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन क्षेत्र पंचायत द्वारा किया गया। सामुहिक विवाह सम्मेलन में 37 जोड़ों ने वरमाला पहनाकर एक दूसरे के हमसफर बने। विवाह में 37 जोड़ों ने एक दूसरो के साथ जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर वर वधु को एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डा0 कमलेश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, ब्लाक प्रमुख सदीप राजपूत, मंडल अध्यक्ष अजनर पवन राजपूत, रामभरोसी रैकवार, खंड विकास अधिकारी मूलचंद सिंह, किशोरीलाल सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वर वधु को आर्शीवाद दिया।

### एक मुस्लिम जोड़ों का काजीजी ने कराया निकाह कुबूल


सम्मेलन में जोड़ों का निकाह करते काजी। अमृत विचार

पनवाड़ी। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत जहां पर सभी ब्लाकों में हिन्दू रीति रिवाज के तहत विवाह सम्पन्न कराए गए, वहीं पनवाड़ी ब्लाक में हुए 30 विवाहों में एक मुस्लिम परिवार के जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज के तहत निकाह कुबूल कराकर शादी की रस्में पूरी कराई गई। इस मौके पर शहर काजी पनवाड़ी अब्दुल हकीम ने दूल्हा दुल्हन का निकाह कुबूल कराया। जहां पर उनके मां बाप ने बच्चों को दुआएं देकर विदा किया। मुस्लिम जोड़ा के शादी के मौके पर ब्लाक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी और ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी भी मौजूद रहे।

## मौसम ने फिर मारी पलटी बारिश के आसार बने

हमीरपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को एक बार मौसम ने फिर पलटी मारी दिन में धूप जरूर निकली परंतु बेअसर साबित हुई। शाम 5:00 बजे तक आसमान में बादलों का डेरा जमा होने से बारिश के आसार नजर आने लगे थे। मंगलवार को मौसम में आए बदलाव से गलन भरी ठंड से थोड़ी राहत रही।

सुबह से धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की लेकिन जैसे ही दोपहर हुई धूप का असर बेअसर हो गया और शाम होते ही आसमान में बादलों का डेरा हो जाने से बारिश के आसार नजर आने लगे थे। किसानों ने कहा कि अगर बारिश होती है तो फसलों को फायदा होगा और कीट पतंगों से निजात मिलेगी।

## अलग-अलग थाना से दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में वांछितों, अवैध असलहाधारियों व आपाधिक प्रवृति के लोगों पर पुलिस टीमों का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना कुलपहाड़ व थाना कबरई पुलिस ने दो अवैध तमंचों सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है दो वांछित अभियुक्तों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा द्वारा उपनिरीक्षक शेरे आलम के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस सूचना पर अवैध 315 बोर तमंचा और एक कारतूस सहित अभियुक्त मातादीन अहिरवरार (40) पुत्र मुन्ना अहिरवार गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश सिंह परिहार ने पुलिस टीम के साथ मिलकर दीनदयाल प्रजापति (25) पुत्र कल्लू निवासी ग्राम बम्हौरीकाजी कबरई को बरी तिराहा से पकड़ा है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम और वीवीपैड से संबंधित दिया जा रहा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**चुनाव की तैयारी**

- मोबाइल वैन से भी मतदान केंद्रों पर भी दिया जाएगा प्रशिक्षण
- 10 जनवरी से हुई जागरुकता कार्यक्रम की शुरूआत

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर ईवीएम, वीवीपैट से संबन्धित से प्रशिक्षण एवं जागरुकता के प्रचार प्रसार के लिए जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट महोबा में स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय और जनपद की तीनों तहसीलों पर ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम की शुरूआत 10 जनवरी 2024 से कर दी गई है। केंदों पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं जागरुकता के लिए जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट महोबा स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय महोबा में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोबा द्वारा ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों का शुभारंभ कराया गया, इसके अलावा जनपद में दो मोबाइल प्रदर्शन केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम 25 जनवरी से आरम्भ करा दिया गया है।

उक्त कार्यक्रम में मोबाइल वेन जनपद की विधानसभा 230 महोबा एवं 231 चरखारी में प्रत्येक गांव मजरा तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रशिक्षण एवं जागरुकता के लिए जाएगी।

जन सामान्य जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट महोबा एवं जनपद की तीनों तहसीलों पर उपस्थित होकर ईवीएम प्रदर्शन केंद्रों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं और मोबाइल प्रदर्शन वैन जनपद के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर जाएगी। जन सामान्य अपने मतदेय स्थल पर जाकर प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## तीन माह से मजदूरों का भुगतान न होने से बढ़ा आर्थिक संकट

संवाददाता, जैतपुर महोबा


मनरेगा के तहत तालाब खुदाई करते श्रमिक।

**लचर व्यवस्था**

- काम के बाद भी भुगतान न होने से मनरेगा मजदूरों ने महानगरों की तरफ पलायन का बनाया मन

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर की 63 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य में लगे मजदूरों को तीन माह से भुगतान नहीं किया गया है, जिससे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। रोज कमाने वाले मजदूरों को तीन माह तक काम करने के बावजूद मजदूरी न मिलने से उनके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। उधर मनरेगा सेल के कर्मियों को सात माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे मानदेय कर्मियों के बच्चों की पढ़ाई की फीस की भरपाई नहीं हो पा रही है साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी दयनीय हो गई है।

विकासखंड जैतपुर के अधिकांश ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत तालाब खुदाई सहित तमाम काम चल रहे हैं। इन कामों को अंजाम देने के लिए जॉब कार्ड मजदूर मनरेगा योजना के तहत मजदूरी कर रहे हैं, लेकिन इन मजदूरों को दो दो माह तक काम करने के बावजूद मजदूरी नहीं मिल रही है। मनरेगा मजदूर आएदिन बैंकों में खाते में पैसा आने की उम्मीद में चक्कर लगा रहे और पैसा न आने पर मायूस होकर वापस लौट आ रहे हैं। ग्राम पंचायत कैथोरा की राजकुमारी, गुलाब, सर्रो, केसवप्रसाद सहित तमाम श्रमिकों ने बताया कि काम करते करते लगभग तीन माह होने वाले हैं, लेकिन उनके खातों में मजदूरी का पैसा नहीं पहुंचा है, जिससे उनका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है।

मजदूरों का कहना है कि सरकार की गारंटी वाली मनरेगा योजना में समय पर पैसा नहीं मिल रहा है, जिससे परिवार की दयनीय दशा को देखकर मनरेगा का काम छोड़कर प्राइवेट लोगों के यहां मजदूरी करने को मजबूर हो गए हैं। केंद्र सरकार की यह पलायन रोकने वाली योजना समय से भुगतान न होने के कारण दम तोड़ती दिखाई दे रही है।

मनरेगा में काम तो मिल रहा है, लेकिन दो से तीन माह तक काम का भुगतान न हो पाने के कारण वह महानगरों की तरफ पलायन को मजबूर हो गए है। मनरेगा सेल के कर्मचारी भी शासन प्रशासन की अनदेखी के चलते मानदेय न मिलने से खासा परेशान है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर टिकैत गुट ने सीएम को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष रामदास सविता की अगुवाई में कलेक्ट्रेट गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि पूरे प्रदेश का किसान विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों से जूझ रहा है। किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए इसका हल निकाला जाना अति आवश्यक है। कहा कि एमएसपी पर कानून बनाया जाए। पूरे देश के किसानों को कर्ज मुक्त किया जाएं। केंद्र सरकार से जो मदद मिलती है उसे राज्य सरकार अपने संसाधनों से और बढ़ाएं। किसने की बेटियों की शादी के लिए शादी अनुदान की व्यवस्था की जाए।किसानों के बच्चों को स्नातक तक शिक्षा मुफ्त दिलाई जाए। फसलों का समर्थन मूल्य लागू किया जाए। सरकारी नलकूपों की व्यवस्था की जाए जिससे प्रत्येक किसानों को आसानी से अपनी मुहैया हो सके। गांवों में चकबंदी कराई जाए। किसानों को कृषि उपकरणों में भारी छूट दी जाए आदि मांगे शामिल है। इस मौके पर बड़ी संख्या में टिकैत गुट के पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## निर्माण अधूरा होने के बाद भी ग्राम प्रधान ने निकाला पूरा पैसा

संवाददाता, जैतपुर महोबा


सड़क पर अधूरा पड़ा इंटरलाकिंग का कार्य। अमृत विचार

- इंटरलाकिंग निर्माण कार्य न होने को लेकर डीपीआरओ ने एक जांच के आदेश

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत टिकरिया में इंटरलाकिंग निर्माण अधूरा होने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा दिखाकर सारा पैसा ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने निकाल लिया है, बावजूद इसके मजदूरों के खातों में पैसा न डालकर एक प्राइवेट व्यक्ति के बैंक खाते में पैसा डाले जाने की शिकायत पर जिला पंचायत राजअधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी जांच नहीं की गई।

विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत टिकरिया जैतपुर में चौखट्टा के पास इंटरलाकिंग निर्माण कार्य कराया गया था, जबकि निर्माण अधूरा होने के बाद भी सारा पैसा ग्राम प्रधान और सचिव की सांठगांठ से निकाल लिया गया। यह भी आरोप लगाया कि निर्माण में काम कर रहे मजदूरों के खातों में पैसा नहीं डाला गया। ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत राजअधिकारी संतोष कुमार ने खंड विकास अधिकारी जैतपुर को 16 जनवरी 2024 को लिखित पत्र जारी कर प्रकरण की जांच कर कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी जांच नहीं कराई गई, जिससे श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है।

खंड विकास अधिकारी मूलचंद्र सिंह से इस बावत बात की गई तो उन्होंने बताया कि पत्र सहायक विकास अधिकारी के पास है, उसे मंगाया गया है, पत्र को देखने के बाद उन बिन्दुओं पर जांच की जाएगी। जांच दौरान गड़बड़ झाला पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देता व्यापार मंडल।

**कुलपहाड़ महोबा।** बीते दिनों कस्बा पनवाड़ी के सर्राफा व्यापारी की उपचार के दौरान मौत के बाद मामला टूल पकड़ता जा रहा है। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज नगर व्यापार मंडल द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर घटना का खुलासा किए जाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाही की मांग की है। बता दें कि बीते दिनों कस्बा पनवाड़ी में एक सर्राफा व्यापारी को अपराधियों द्वारा लूट के बाद गोली मारकर घायल कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना से कस्बा व आसपास क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया था। इस घटना से सम्बन्धित अपराधियों का पुलिस पता लगाने में भले ही जुटी हो, लेकिन अभी तक कामयाबी नहीं मिल सकी। जिससे आक्रोशित होकर नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सन्तोष चतुर्वेदी, सुरेन्द्र अग्रवाल, प्रेम नारायण सोनी, दुर्गेश सोनी, कैलाश चंद्र सोनी, संजय कुमार आदि ने उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ को ज्ञापन देते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

### बांदा में डायरिया से किशोर व सर्दी से वृद्धा की मौत

**बांदा।** दिन में निकल रही तेज धूप और रात में मौसम सर्दीला होने के कारण लोग बीमार हो रहे है। डायरिया से किशोर ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। वहाँ चारपाई से नीचे गिरी वृद्धा को सर्दी ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सर्दी लगने से छह लोगों की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के हट्टीपुरवा निवासी राजाराम (15) पुत्र पुन्ना सोमवार की दोपहर उल्ठी दस्त से पीड़ित था। घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वही पैलानी थाना क्षेत्र के साड़ी गांव निवासी शिवकली (60) पत्नी रामखेलावन अपने घर पर अकेली रहती थी। सोमवार की रात वह चारपाई से नीचे गिर पड़ी। रात भर खुले में पड़ी रहने के कारण सर्दी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पुत्र का कहना है कि सर्दी लगने से उसकी मां की मौत हुई है।

### कूड़े के ढेर-भरे नाबदान, सराय जदीद की यही पहचान

**संवाददाता, नरैनी (बांदा)।** आजादी के अमृत महोत्सव पर शहरों से लेकर गांवों तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन महुआ ब्लॉक का ग्राम पंचायत सराय जदीद से अभियान से अछूता है। पिछले तकरीबन छह से सफाई न होने के कारण पूरे गांव में गंदगी का अंबार लगा है। गांव की नालियां चोक हो जाने से घरों से निकला दूषित जल गांव की सीसी रोड से होकर बह रहा है। इन नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामीण ग्राम प्रधान और सचिव से इस संबंध में कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन इस पर तवज्जो नहीं दिया जा रहा है। केंद्र और प्रदेश में काबिज भाजपा की सरकार ने स्वच्छता अभियान को सबसे अधिक प्रमोट किया। शहरों से लेकर गांवों तक उसका असर भी साफ नजर आ रहा है। सभी जगह हालात सुधरे हैं, लेकिन जनपद का एक गांव सराय जदीद ऐसा है, जहां साफ-सफाई पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। गांव के मैकू लाल कबीर, कल्लू प्रजापति, खलील, मैना, सगीर समेत सभी ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सफाई बीते तकरीबन छह माह से हुई ही नहीं है। इस संबंध में ग्रामीण कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से लिखित शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने कोई तवज्जो नहीं दी।

**परेशानी** बसे पुरानी हो जाने के कारण आएदिन सड़कों पर खड़ी होने से यात्रियों को होती दिक्कत

# रोडवेज की खटारा बसों के सहारे यात्रा करने को मजबूर है यात्री

कार्यालय संवाददाता, महोबा


खटारा बस में धक्का लगाते यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोडवेज महोबा की तमाम बसें अपनी मियाद पूरी करने के बाद भी विभिन्न रुटों पर दौड़ रहीं हैं, जिससे अक्सर मार्ग में बसें खराब हो जाने के कारण यात्रियों को दूसरी बसों के इंतजार में रास्ते में ही खड़ा रहना पड़ता है। कड़ाके की ठंड में बस खराब होने पर यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश बसों में शीशे न होने के बाद यात्रियों को सर्दी के मौसम में ठंडी हवाओं के बीच सफर करना पड़ता है, बावजूद इसके परिवहन विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि रोडवेज महोबा में एक सैकड़ा से ज्यादा बसों का प्रतिदिन लखनऊ, मथुरा, प्रयागराज, बनारस, कानुपर, गोरखपुर, अयोध्या, हमीरपुर, राठ, बांदा, उरई सहित विभिन्न मार्गों में संचालन होता है, जिनमें से करीब एक दर्जन से ज्यादा बसें खटारा हो चुकी हैं। कई बसें मियाद भी पूरी कर चुकी है, बावजूद इसके परिवहन विभाग के अधिकारी रोडवेज बसों को विभिन्न रुटों पर दौड़ा रहे हैं। कई बसों की चादर टूटी होनेके कारण बारिश में पानी बसों के अंदर आने से यात्रियों को इधर से उधर जाकर सीटें बदलना पड़ती हैं। वहीं गर्मी के दिनों में शीशे न होने से लू लपट और सर्दी के दिनों में ठंडी हवाओं से जूझना पड़ता हैं, लेकिन यात्री मजबूरीवश इन बसों में यात्रा करने को विवश हैं।

प्राइवेट बसों का संचालन ठप हो जाने के कारण अब यात्रियों के लिए सिर्फ रोडवेज बसें ही सहारा हैं, जिससे यात्री रोडवेज की बसों में यात्रा कर रहे हैं। खटारा हो चुकी बसें अक्सर मार्गों में खराब हो जाती है। यात्रियों को बस खराब होने पर किराया वापस नहीं किया जाता है, बल्कि दूसरी बस आने पर ही उन्हें बैठाया जाता है। यात्रियों का किराया वापस न होने के कारण उन्हें कई घंटे अगली बस के इंतजार में रास्ते में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे तमाम यात्री किराया वापस लिए बिना अन्य साधनों से बैठकर निकल जाते हैं, इससे यात्रियों को डबल नुकसान उठाना पड़ता है। किराया वापस न करने का वर्षों पुराना नियम आज भी चला आ रहा है।

### कई बसों की फिटनेस खराब

रोडवेज की तमाम बसें खटारा हो जाने के बाद भी उन्हें वर्कशाप में न खड़ा करके विभाग सड़कों पर चलाता है। कई बसों की इसी कारण सहायक संभागीय विभाग फिटनिस नहीं करता है। बावजूद इसके रोडवेज की अधिकारी मार्गों पर बिना फिटनेस कराए बसों का संचालन कर रहे हैं। करीब छह माह पहले महोबा से कानपुर जाते समय रोडवेज बस से रास्ते में एक साइकिल सवार की मौत हो जाने पर मृतक के परिजनों द्वारा चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी, इसके बाद जांच शुरू हुई, जांच में बस की फिटनेस न पाए जाने पर तत्कालीन एआरएम हेमंत मिश्रा सहित दो अधिकारी सस्पेंट हो गए थे। इसके बाद भी महकमा आज भी कई खटारा बसे चला रहा है।

### रोडवेज की कई बसों के हॉर्न तक नहीं बजते

रोडवेज की तमाम बसें ऐसी भी मार्गों पर दौड़ रही हैं, जिनके न तो हार्न बजते हैं और न ही बसों की लाइट तेज होती हैं, जिससे रात हो जाने पर चालक धीमी गति से किसी तरह तीन घंटे की यात्रा पांच घंटे में तय करते हैं। इन बसों में यात्रा करने वाले यात्री भी रास्ते भर धीमी लाइट होने के कारण सहमे रहते हैं और यात्रा शुरु होने पर भगवान को धन्यवाद देते हैं। इतना ही नहीं इन बसों में यात्रियों का समय भी अधिक लगता है, जिससे वह गन्तव्य स्थानों पर समय से नहीं पहुंच पाते हैं।

## एक नजर

### प्रिंस ओलंपियाड आगरा की परीक्षा में तन्मय अव्वल

**जालौन।** प्रिंस ओलंपियाड आगरा की परीक्षा के आयोजन में नगर के एनएसटी स्कूल के 40 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। अलग अलग कक्षाओं की परीक्षा में विद्यालय के आठ छात्रों ने टॉप 10 में जगह हासिल की। कक्षा नौ स्तर की परीक्षा में तन्मय ने पहला स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्रमाणपत्र के साथ 5100 रुपये नगद और किट दी गई। इसके अलावा अनमोल साहू ने तीसरा, अर्पण द्विवेदी ने पांचवां और संस्कार लाक्षाकार पुत्र अखिलेश लाक्षाकर ने छठा स्थान हासिल किया।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति 10 घंटे रहेगी बंद

**जालौन।** उदोतपुरा बिजलीघर में बुधवार को ट्रांसफार्मर बदलने का काम होगा। ट्रांसफार्मर बदलने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति 10 घंटे लगातार बंद रहेगी। बिजली विभाग के एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार 31 जनवरी को उदोतपुरा बिजलीघर में ट्रांसफार्मर बदलने का काम कराया जा रहा है। जिससे क्षमता में वृद्धि हो सके। अभी पांच एमवीए के ट्रांसफॉर्मर से बिजली की सप्लाई की जा रही है। कुछ समय बाद गर्मी का सीजन शुरू हो जाएगा और बिजली की डिमांड बढ़ेगी।

### नहर में मिले शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमरसेना और गुरावती के बीच जालौन शाख नहर में सोमवार को मिले 35 वर्षीय अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त अभी भी नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस आसपास के गांवों में शव का फोटो दिखाकर ग्रामीणों से जानकारी जुटाने में लगी हुई है लेकिन उसे अभी तक इस काम में सफलता नहीं मिल सकी है। कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक का कहना है कि शिनाख्त कराने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# डीएम ने ईओ और बाबू को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

## कालपी नगरपालिका में मिलीं खामियां, लॉग बुक नहीं मिली सत्यापित, विभागीय कार्रवाई के निर्देश

**कार्रवाई**

- कामकाज में जिम्मेदारों की लापरवाही आई सामने

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय मंगलवार को कालपी नगर पालिका के काम काज का निरीक्षण करने पहुंच गए। यहां पर साहब को आया देख कर्मचारियों के होश उड़ गए। जिलाधिकारी ने एक-एक कर पटलों और अभिलेखों को चेक किया तो अधिशासी अधिकारी और पटल के बाबू की लापरवाही सामने आ गई। लॉग बुक समेत अन्य फाइलें सत्यापित ही नहीं मिली। इस पर कड़ी फटकार लगाते हुए विभागीय कार्रवाई के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए।

शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी कार्यालय, जन्म मृत्यु पंजीकरण कक्ष, अभिलेखापाल आदि पटलों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका की किराए की दुकान के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा पालिका के आमदनी के स्रोत की जानकारी ली। जलकर गृहकर और भवन कर की कम वसूली पर निर्देशित किया कि वसूली में तेजी लाई जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शासन से स्वकर प्रणाली के तहत पालिका की आय बढ़ाने के लिए सदन से अनुमोदन कर व्यवसायिकों पर निर्धारित कर लागू किया जाए। उन्होंने जीपीएफ पासबुक, सर्विस बुक, कैश बुक रजिस्टर, लॉग बुक आदि को देखा गया जिसमें अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। लॉग बुक में न तो ड्राइवर के हस्ताक्षर और न तो सत्यापित अधिकारी द्वारा लॉग बुक को सत्यापित किया गया। जिस पर संबंधित प्रभारी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से रिक्त कांशीराम आवासों को नियमानुसार पात्र लाभार्थियों को आवास आवंटित करें जिससे असहाय व्यक्तियों आवास मिल सके। इस नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल, अधिशाषी अधिकारी वेद प्रकाश आदि संबंधित अधिकारी मौजूद।

**सेवा समाप्ति के निर्देश:** जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व संपत्ति के नामांकरण लंबित होने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। इसके अलावा 15वें वित, राज्य वित्त एवं अन्य मद से कार्य कराये जा रहे, जबकि कार्यदेश निर्गत करने के बाद भी ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुबंध पर अधिशाषी अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं थे।

जिलाधिकारी ने उक्त अनिमितता के फल स्वरुप अधिशाषी अधिकारी व सहायक पटल बाबू के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए।


अभिलेखों की जांच करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश


गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अस्थाई गौशाला मोहल्ला आलमपुर कालपी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। कालपी में स्वीकृत कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य करने हेतु सुस्त प्रक्रिया के चलते अधिशाषी अधिकारी पर कड़ी नाराजगी जताई, साथ ही कान्हा गौशाला बनने में विलंब होने पर अधिशासी अधिकारी का स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्थाई गौशाला को कान्हा गौशाला में शिप्ट किया जाए, इसके लिए सभी प्रक्रियाएं जल्द पूर्ण करते हुए तेज गति से कार्य प्रारंभ किया जाए। अस्थायी गौशाला का निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त पाई गई। भूसा, चोकर, हरा चारा व पानी आदि साफ सफाई व्यवस्थाएं बेहतर मिली। इसी दौरान गाय ने बछिया को जन्म दिया अस्थायी गौशाला में 12 दुधारू गाय है, जिन्हें जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों के परिवार को सुपुर्दगी में दिए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कालपी अरविंद कुमार यादव, उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल, अधिशाषी अधिकारी वेद प्रकाश, अपर पशु चिकित्सा अधिकारी अखिलेश आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

# छेड़खानी के अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**संवाददाता, उरई।** किशोरी के साथ वर्ष 2015 में गांव के बाहर शौंचक्रिया को जाते वक्त छेड़खानी के मामले में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल करने में तकरीवन दो वर्ष का समय लगाया था, लेकिन न्यायालय से पीड़ित को न्याय की आस थी जो आज पूरी हो गई। आरोपी पर दोष साबित हुआ और न्यायाधीश ने पांच साल के कारावास की सजा के साथ 9 हजार रुपये अर्थ दंड की भी सजा सुनाई।

शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2015 में कुठौंद क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में उसने बताया था कि उसकी पुत्री 4 अगस्त को शौचक्रिया के लिए खेत में गई थी। तभी गांव के ही निवासी शिब्बू ने उसे पीछे से पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी कर दी। शोर मचाने पर वह धमकी देकर भाग गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सात जून 2017 को न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें पॉस्को कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद आजाद ने शिब्बू को पांच साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही नौ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# हादसे में एक की मौत

**संवाददाता, कालपी।** रफ्तार का कहर कालपी में देखने को मिला। शादी समारोह में बुलेट गाड़ी से जा रहे ससुर व दामाद हादसे का शिकार हो गए। खड़ी कार में टक्कर लगने से दामाद की मौत हो गई, जबकि ससुर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की खबर पर दोनों परिवारों में मातम फैल गया।

कालपी के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी पंकज 25 वर्ष सोमवार रात करीब 9 बजे अपने ससुर के साथ जिला कानपुर देहात के ग्राम करियापुर में आयोजित एक शादी समारोह में शिरकत करने बुलेट से जा रहा था। इस दौरान जब बुलट सवार ससुर दामाद कस्बा कालपी के मुन्ना फुलपावर चौराहे से गुज़र रहे थे तभी वहाँ खड़ी कार से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में ससुर व दामाद उछलकर सड़क पर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान वहां पर मौजूद पिकेट ड्युटी पर तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां पर दामाद पंकज की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज कानपुर रेफर कर दिया, जहां पर देर रात उसकी मौत हो गई है। परिजनों के मुताबिक युवक कानपुर देहात के ग्राम करियापुर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने दोस्त दीपू पुत्र रामकिशोर निवासी मैनूपुर की बुलेट लेकर जा रहा था।

# 437 जोड़ों ने थामा एकदूजे का हाथ

**संवाददाता, उरई।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के जिले के सभी 11 नगरीय क्षेत्र और नौ ब्लाक क्षेत्र समेत जिला मुख्यालय पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुए। धार्मिक रीति रिवाज अनुसार विभिन्न वर्गों के 437 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सभी को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। योजना के तहत मिलने वाले सभी उपहार भेंट किए। इस दौरान कहा गया कि सरकार गरीबों के हितार्थ योजनाएं संचालित करके दहेज रूपी कुरीति को मिटाने का काम कर रही है।

उरई की नवीन गल्ला मंडी में आयोजित विवाह समारोह का जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह में लाल सुर्ख जोड़ों में सजी धजी वधू मन में जीवन के सपने संजोए जयमाला हाथ में लेकर पहुंची और अपने जीवन साथी के गले में जयमाला डाली तो सगे संबंधियों ने पुष्पवर्षा की। इसके बादद सभी धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार विवाह की रस्में अदा की गई। इस मौके पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। सरकार जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है। ऐसे आयोजनों से फिजूलखर्ची पर रोक लगती है। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने नए दांपत्य जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी, कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की बहुत अच्छी योजना है।


सामूहिक विवाह में आशीर्वाद देते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# रोजगार मेले में 26 युवा चयनित

**संवाददाता, उरई।** जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर उरई में एक दिवसीय रोजगार मेला/कॅरियर काउन्सिलिंग का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों/नियोंजकों द्वारा टेक्नीकल एवं नान टेक्नीकल दोनों प्रकार के पदों हेतु अभ्यर्थियों की भर्ती के लिये आवेदकों से साक्षात्कार लिया। रोजगार मेला में एल०आइ०सी०, आईसैक्ट रोजगार मंत्रा कम्पनियों में 44 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें नियोजकों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 26 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अभ्यर्थियों का कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन किया गया। सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई।

# चेकिंग में एक लाख 33 हजार वसूले

**संवाददाता, जालौन।** परिवहन अधिकारी ने बंगरा मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने बालू व गिट्टी के ओवरलोड ट्रकों को पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रकों पर टीम ने एक लाख 33 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। परिवहन अधिकारी राजेश कुमार ने बंगरा मार्ग पर चेकिंग के दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से बालू व गिट्टी के दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा। कागजात न होने व ओवरलोड होने पर ट्रकों पर जुर्माना लगाया गया है।

परिवहन अधिकारी ने बताया कि दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा गया है जिन पर एक लाख 33 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।







# कानपुर ने उरई को पांच विकेट से हराया

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** राज्य स्तरीय जालौन प्रीमियर लीग (जेपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट रोचक होता जा रहा है। खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा देखकर दर्शक भी खुश है। मंगलवार को हुए मुकाबले में कानपुर की टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। 16 गेंद में 31 रन की पारी खेलने वाले कानपुर टीम के कप्तान खलीलउद्दीन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उरई टीम के खिलाड़ी कानपुर के आगे नहीं टिक सके।

जालौन प्रीमियर लीग का आयोजन स्थानीय छत्रसाल मैदान में किया जा रहा है। स्टेडियम उरई की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम के सलामी बल्लेबाज तनिश शर्मा नौ रन बनाकर आउट हुए। अक्षय गुर्जर और सैयद फैज ने पारी को संभाला। अक्षय ने 26 और सैयद फैज ने 36 रन बनाए। इसके अलावा अमन ठाकुर ने 23 रन और अभिषेक द्विवेदी ने 31 रन बनाकर निर्धारित 20 ओवर में टीम का स्कोर 164 रन पर पहुंचाया। दूसरी पारी में खेलने उतरी कानपुर की टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही।

अभय प्रताप एक रन बनाकर आउट हुए। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। एहतिशाम ने 31, डॉ. सलमान ने 28 और अनुरूद्ध ने 24 रन की पारी खेली। लेकिन टीम के कप्तान खलीलउद्दीन का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने 16 गेंदों में 31 रन की आतिशी पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और दो दर्शनीय छक्के लगाकर दर्शकों को उछलने पर मजबूर कर दिया। मैच में कानपुर की टीम ने उरई की टीम को पांच विकेट से हराकर जीत दर्ज की। मैच में खलीलउद्दीन को उनके प्रदर्शन की बदौलत मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरा मैच प्रधान इलेवन जालौन व आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें प्रधान इलेवन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी शुरू की। ओपनर अब्दुल रहमान ने 31 गेंद में 66 रनों की पारी खेरी।


मैच से पूर्व कानपुर व उरई की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार







## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता पंजीकृत पता सदर बाजार कर्वी जिला चित्रकूट दिनांक 30.10.2018 को कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, झांसी में पंजीकृत की गयी थी। जिसमें साझेदार नरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम लाल निवासी सदर रोड कर्वी जिला चित्रकूट, नन्दिनी गुप्ता पुत्री श्री रमा शंकर निवासी सदर रोड कर्वी जिला चित्रकूट तथा आयुष गुप्ता पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी निवासी सदर रोड कीं जिला चित्रकूट थे। वर्तमान में आदित्य नंदन पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी निवासी सदर रोड की जिला चित्रकूद दिनांक 14–07–2023 को फर्म में सम्मिलित हुये है। साझीदारों के आपसी सहमति से फर्म का नाम परिवर्तित किया गया है। दिनांक 14–07–2023 से फर्म का नाम मे0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता से परिवर्तित होकर मे0 एनकेजी इन्फ्रा हो गया है। **आयुष गुप्ता (साझेदार), पुराना नाम मे0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता नया नाम मे0 एनकेजी इन्फ्रा, सदर बाजार कर्वी जिला चित्रकूट।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1590/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24 दिनांक 30.01.2024

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बृजेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 छविलाल गुप्ता | श्री छविलाल गुप्ता पुत्र कमलापत गुप्ता धमना वाले | मुगलपुरा–1 | 08 | 349 | वरासत |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ– हमीरपुर**



